INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| **Class: 6th- 3rd Lang.** | **Department: Hindi** | **Date:** |
| **Worksheet No: 4** | **Topic: अर्थग्रहण** | **Note: Pl. file in portfolio** |

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

बहुत समय पहले एक राजा था। उसके पास एक बलवान हाथी था। राजा के महल के पास एक छोटे-से बाड़े में एक वफादार कुत्ता भी रहता था। हाथी और कुत्ता बहुत अच्छे मित्र थे। वे साथ रहते, साथ खेलते और साथ खाना खाते थे। कुत्ता बहुत समझदार था।

एक दिन एक यात्री वहाँ आया। उसने कुत्ते को देखा और महावत से कहा, "मुझे यह कुत्ता दे दीजिए। यह मेरे घर की रखवाली करेगा।" महावत ने कुत्ता उसे दे दिया। कुत्ता महल से जाना नहीं चाहता था, लेकिन उसे यात्री उसे वहाँ से ले गया। कुत्ते के जाने के बाद हाथी बहुत दुखी हो गया। उसने खाना छोड़ दिया और उसकी आँखों से आँसू बहने लगे। लोगों को लगा कि हाथी बीमार है। डॉक्टर ने जाँच करके कहा कि हाथी बीमार नहीं है, बल्कि अपने मित्र के बिछड़ने से दुखी है।

राजा को जब यह बात पता चली, तो उसने उस आदमी को बुलाया और कुत्ते को वापस लाने का आदेश दिया। जैसे ही कुत्ता आज़ाद हुआ, वह दौड़कर हाथी के पास पहुँच गया। दोनों मित्र एक-दूसरे को देखकर बहुत खुश हुए। जब महावत खाना लेकर आया। हाथी ने पहले खाना अपने मित्र की ओर बढ़ाया। कुत्ता उसकी बात समझ गया। फिर दोनों मित्र पहले की तरह साथ-साथ खुशी-खुशी खाना खाने लगे। इस कहानी से हमें सीख मिलती है कि सच्चे मित्र हमेशा एक-दूसरे का साथ निभाते हैं|

**1. राजा ने कौन-सा जानवर पाला हुआ था?**

(A) घोड़ा (B) हाथी

(C) ऊँट (D) शेर

---

**2. हाथी का सबसे अच्छा मित्र कौन था?**

(A) बिल्ली (B) घोड़ा

(C) कुत्ता (D) बंदर

**3. कुत्ते को कौन अपने साथ ले गया?**

(A) राजा (B) यात्री

(C) डॉक्टर (D) सैनिक

---

**4. यात्री कुत्ते को क्यों ले गया?**

(A) खेलने के लिए (B) बेचने के लिए

(C) रखवाली के लिए (D) घुमाने के लिए

---

**5. कुत्ते के जाने के बाद हाथी ने क्या किया?**

(A) रोने लगा (B) खाना छोड़ दिया

(C) जंगल में चला गया (D) सो गया

---

**6. हाथी की जाँच किसने की?**

(A) राजा ने (B) महावत ने

(C) डॉक्टर ने (D) सैनिक ने

---

**7. डॉक्टर ने हाथी के दुख का कारण क्या बताया?**

(A) बीमारी (B) भूख

(C) थकान (D) मित्र से बिछड़ना

---

**8. राजा ने कुत्ते को वापस क्यों बुलाया?**

(A) इनाम देने के लिए (B) हाथी को खुश करने के लिए

(C) उसे बेचने के लिए (D) उसे सजा देने के लिए

---

**9. कुत्ता छूटते ही कहाँ पहुँचा?**

(A) जंगल (B) अपने घर

(C) हाथी के पास (D) महल के बाहर

---

**10. हाथी ने खाना सबसे पहले किसकी ओर बढ़ाया?**

(A) राजा की ओर (B) महावत की ओर

(C) कुत्ते की ओर (D) डॉक्टर की ओर

*********************